दिन–रविवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 12 / 01 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–युवा शक्ति के सामर्थ्य से देश दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल कर लेगा।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मधुबनी में प्रगति यात्रा के दौरान ग्यारह सौ करोड़ रुपये से अधिक की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

03. बीपीएससी मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन और तोड़–फोड़ करने के मामले में पटना पुलिस ने सांसद पप्पू यादव और उनके समर्थकों को हिरासत में लिया। प्राथमिकी दर्ज।

04. और, ठंड के प्रकोप को देखते हुए पटना जिला प्रशासन ने आठवीं कक्षा तक के सभी स्कूलों को पंद्रह जनवरी तक बंद रखने के आदेश दिए।

————————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को दो हजार सैंतालीस तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए युवाओं से अपना योगदान सुनिश्चित करने को कहा है। श्री मोदी ने आज राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में विकसित भारत युवा नेता संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बड़े लक्ष्य रखना और उन्हें हासिल करना किसी एक सरकारी तंत्र का काम नहीं है।

–––बाईट–––

श्री मोदी ने कहा कि उन्हें युवा शक्ति के सामर्थ्य पर पूरा भरोसा है कि देश महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को हासिल करेगा।

–––बाईट–––

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश ऊर्जा, अंतरिक्ष और अन्य क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

–––बाईट–––

श्री मोदी ने कहा कि आज भारत का ढांचागत बजट दस साल पहले की तुलना मे छह गुणा अधिक हो गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश तीन ट्रीलियन की अर्थव्यवस्था बन गया है और यह बदलाव दिख रहें हैं।

–––बाईट–––

विकसित भारत युवा संवाद कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने देशभर के तीन हज़ार युवा नेताओं के साथ बातचीत की। इस अवसर पर श्री मोदी ने प्रतिभागियों की ओर से दस विषयों पर लिखे गए उत्कृष्ट निबंधों के एक संकलन का विमोचन भी किया। इनमें प्रौद्योगिकी, स्थिरता, महिला सशक्तिकरण, विनिर्माण और कृषि जैसे विषय शामिल हैं। विकसित भारत संवाद, युवाओं को देश के भविष्य के बारे में अपने विचारों से, नीति–निर्माताओं और राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय विभूतियों को सीधे अवगत कराने का अवसर प्रदान करता है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––

महान आध्यात्मिक गुरू, दार्शनिक और चिंतक स्वामी विवेकानंद की जयंती पर राष्ट्र उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। स्वामी जी की जयंती युवा दिवस के रूप में मनाई जा रही है। एक रिपोर्ट–

–––बाईट–––

स्वामी विवेकानंद को पूरा विश्व वर्ष 1893 में शिकॉगो की धर्म संसद में दिए गए उनके ऐतिहासिक भाषण के लिए याद करता है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो सन्देश साझा करते कहा कि आज के युग में युवाओं को स्वामी विवेकानंद के जीवन से सीख लेने की जरुरत है। एक सोशल मीडिया पर पोस्ट में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने देश का महान आध्यात्मिक संदेश पश्चिमी जगत में प्रचारित किया और भारत के लोगों के बीच नया आत्मविश्वास पैदा किया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने 1893 में शिकॉगो धर्म संसद के दौरान भारत की आध्यात्मिकता का परचम लहराया देश के समावेशी लोकाचार को अभिव्यक्त किया। समाचार कक्ष से वैष्णवी।

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द ने सनातन संस्कृति और भारतीय अध्यात्म को वैश्विक पटल पर स्थापित किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संदेश में कहा कि सकारात्मक और नई ऊर्जा से भरी हुई युवा पीढ़ी बिहार को विकास के पथ पर आगे ले जायेगी।

––––––––––––––––––––––––––––––––––

बीपीएससी मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन, ट्रैफिक जाम, तोड़ फोड़ के मामले में पटना पुलिस ने सांसद पप्पू यादव और पन्द्रह अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। इन सभी को हिरासत में लिया गया था। गौरतलब है कि बीपीएससी द्वारा आयोजि सत्तरवीं राज्य सिविल सेवा प्रारंभिक प्रतियोगित परीक्षा फिर से कराने की मांग को लेकर सांसद ने आज बिहार बंद का आह्वान किया था। इस दौरान उनके समर्थकों ने कई स्थानों पर सड़क जाम किया और तोड़–फोड़ की। इधर, इसी मुद्दे को लेकर जनसुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर को पटना के मरीन ड्राइव पर जिला प्रशासन ने विरोध प्रदर्शन करने से रोक दिया है। प्रशांत किशोर के समर्थक वहां विरोध प्रदर्शन के लिए टेंट लगा रहे थे। पुलिस ने कहा है कि इस दौरान पार्टी के समर्थक वहां एक निजी कंस्ट्रक्शन कंपनी के काम को बंद करवा रहे थे।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज प्रगति यात्रा के दौरान मधुबनी जिले के लिए ग्यारह सौ करोड़ रुपये से अधिक की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। श्री कुमार ने पुरानी कमलाधार, जीवछ नदी और पुरानी कमला नदी को पुनर्जिवित करने की योजना का निरीक्षण किया। इस परियोजना के पूरा होने से बाढ़ नियंत्रण और संचाई की सुविधा बढ़ाने में मदद मिलेगी। इससे मधुबनी जिले के खजौली, मधुबनी, राजनगर और रहिका के साथ दरभंगा जिला के केवटी, बेनीपुर, बिरौल और कुशेश्वरस्थान प्रखंडों को लाभ पहुंचेगा। मुख्यमंत्री ने मधुबनी में अंतर्राज्यीय बस अड्डा के निर्माण और कनकपुर से जगतपुर तक रिंग रोड के निर्माण की भी घोषणा की। श्री कुमार ने कहा कि जिले में माँ सीता और भगवान श्रीराम के प्रथम मिलन स्थल–फुलहर स्थान को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जायेगा। प्रगति यात्रा के बाद समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने दस लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने का लक्ष्य निर्धारित किया था, जिसे बढ़ाकर बारह लाख कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि अब तक नौ लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दे दी गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रगति यात्रा के क्रम में कल समस्तीपुर पहुंचेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री जिले में पांच सौ करोड़ रुपये की विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंग।

———————————————————————

भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज एक देश–एक चुनाव के संबंध में परिचर्चा का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता करते हुए पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि एक देश–एक चुनाव से खर्च में काफी कमी आएगी। उन्होंने कहा कि यह विधेयक देश के हित में है।

–––बाईट–––

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

––––––––––––––––––––––––––––––––––

केन्द्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने कहा है कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बिहार और यूपी के वोटरों को फर्जी बताकर उनका बहुत अपमान किया है।

–––बाईट–––

इधर, पटना साहिब से भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि पूर्वांचल के लोगों ने दिल्ली को सजाने और संवारने में अहम भूमिका निभाई है। श्री प्रसाद ने पटना में कहा कि बिहार और उपी के वोटरों के बारे में आप नेता अरविंद केजरीवाल के बयान निंदनीय हैं।

––––––––––––––––––––––––––––––––––

आस्था और मानवता के सबसे बड़े संगम महाकुंभ की शुरुआत कल उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में होगी। इस भव्य आयोजन में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। महाकुंभ में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। संस्कृति मंत्रालय ने प्रयागराज में कलाग्राम बनाया है जो देश की समृद्ध और जीवंत संस्कृति को प्रदर्शित करेगा।

–––बाईट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––––

प्रदेश में भीषण ठंड से लोगों को राहत मिली है। कनकनी कम होने के बावजूद कई जिलो में न्यूनतम तापमान आज भी छह डिग्री सेल्सियस से कम दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के पश्चिम और उत्तर–मध्य भागों के अधिकांश जिलों में सुबह के समय घना कोहरा छाये रहने की संभावना है। जबकि प्रदेश के शेष भागों में हल्के से मध्यम स्तर का कोहरा छाया रहेगा। आज रोहतास के डेहरी में सबसे कम न्यूनतम तापमान पांच डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

————————————————————————

इधर, ठंड के प्रकोप को देखते हुए पटना जिला प्रशासन ने आठवीं तक के सभी सरकारी और निजी स्कूलों को कल से पंद्रह जनवरी तक बंद करने का आदेश जारी किया है। जिलाधिकारी डॉक्टर चन्द्रशेखर सिंह की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि आठवीं से ऊपर की कक्षाएं सुबह नौ बजे से दोपहर बाद साढ़े तीन बजे के बीच संचालित की जा सकती है।

————————————————————————

अररिया के फुलकाहा थाना क्षेत्र के भंगही चौक के समीप एसएसबी के जवानों और फुलकाहा थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर एक सौ तीन किलोग्राम गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

————————————————————————

पूर्वी चंपारण के पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने रघुनाथपुर थाना के जेल में एक कैदी के आत्महत्या के मामले में दारोगा भीम सिंह सहित तीन पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया है।

————————————————————————

सुपौल इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित चार दिवसीय उमंग कार्यक्रम आज समाप्त हो गया। कार्यक्रम में सुपौल, बी.पी मंडल और सहरसा इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों और शिक्षकों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में सुपौल कॉलेज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

———————————————————————

छपरा के अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल में आज रेटिना जांच पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। इसमें देश के प्रमुख नेत्रालयों के पन्द्रह विशेषज्ञों ने भाग लिया।

———————————————————————

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा—युवा शक्ति के सामर्थ्य से देश दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल कर लेगा।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मधुबनी में प्रगति यात्रा के दौरान ग्यारह सौ करोड़ रुपये से अधिक की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

03. बीपीएससी मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन और तोड़—फोड़ करने के मामले में पटना पुलिस ने सांसद पप्पू यादव और उनके समर्थकों को हिरासत में लिया। प्राथमिकी दर्ज।

04. और, ठंड के प्रकोप को देखते हुए पटना जिला प्रशासन ने आठवीं कक्षा तक के सभी स्कूलों को पंद्रह जनवरी तक बंद रखने के आदेश दिए।

———————————————————————

समाप्त